केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

क. जे. सोमैया परिसर, मुम्बई

राजभाषा हिन्दी कार्यशाला का संक्षिप्त प्रतिवेदन (दिनांक 29.03.2023)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, क. जे. सोमैया परिसर, मुम्बई में दिनांक 29.03.2023 को राजभाषा हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय था – **'राजभाषा हिन्दी का कार्यान्वयन कैसे हो'** । इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के पद को परिसर निदेशक प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय जी ने, मुख्यातिथि के पद को डॉ. विश्वनाथ झा जी (पूर्व निदेशक, राजभाषा विभाग, मुम्बई) ने, एवं सारस्वत अतिथि के पद को ज्योतिष विद्याशाखा के अध्यक्ष प्रो. भारत भूषण मिश्र जी ने अलंकृत किया । मुख्यातिथि ने अपने उद्बोधन में राजभाषा हिन्दी साथ ही कोठारी आयोग के त्रिभाषा सूत्र एवं देवनागरी लिपि कितनी भाषाओं मे प्रयुक्त होती है और भारतीय एवं रोमन अंकों के इतिहास तथा प्रयोग को विस्तार से बताया । मुख्यातिथि ने एक वाक्य को चौदह भाषाओं में बताया और हिन्दी के प्रयोग सम्बन्धी धाराओं के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला । इस कार्यशाला में राजभाषा से सम्बन्धित रोजगार पर भी चर्चा किया जो बहुत रोचक एवं ज्ञानवर्धक था । अध्यक्ष महोदय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मुख्यातिथि के वक्तव्य से सहमति व्यक्त करते हुए रोजगार के विषय में अपने विचार व्यक्त किए एवं राजभाषा के महत्व को बताया ।

इस अवसर पर परिसर के छात्र, अध्यापक वृंद एवं कार्यालय कर्मचारी उपस्थित थे । स्वागत भाषण डॉ. भरत गर्ग, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गीता दूबे ने एवं संचालन डॉ. सोमेश चन्द्र बहुगुणा ने किया ।

(डॉ. गीता दूबे)
संयोजिका

(प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय)
निदेशक